**परिणाम** ▸ प्रदेश की मेरिट सूची में गणित समूह के 2, जीव विज्ञान समूह के 2 तथा कला समूह के 1 विद्यार्थी ने बनाया स्थान

# हायर सेकेंडरी परीक्षा की अस्थायी प्रावीण्य सूची जारी



▸ **जिले के विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन**

**नवभारत,शहडोल** । माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा घोषित हायर सेकेंडरी सर्टिफिकेट परीक्षा वर्ष 2026 की छात्र-छात्राओं की अस्थायी प्रावीण्य सूची जारी कर दी गई है। जारी सूची में जिले के मेधावी विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले का गौरव बढ़ाया है।

प्रावीण्य सूची में कु. माही मिश्रा पिता रामनारायण मिश्रा अशासकीय ज्ञानोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुलिस लाइन शहडोल ने कला समूह में 500 में से 483 अंक प्राप्त कर प्रदेश में सातवां स्थान प्राप्त किया है। कु. मान्यता साहू पिता श्री राजा साहू आशासकीय सेन्ट् जूड्स क्रिष्टयन मिशन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शहडोल ने गणित समूह में 488 अंक अर्जित कर प्रदेश में पांचवां स्थान प्राप्त किया है। कु. दीक्षा मिश्रा पिता नरेन्द्र प्रसाद मिश्रा शासकीय संदीपनी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जयसिंहनगर ने गणित समूह में 483 अंक प्राप्त कर प्रदेश में दसवां स्थान हासिल किया है। कु. निशिका गुप्ता पिता रामजी गुप्ता अशासकीय टाईम पब्लिक स्कूल शहडोल ने जीव विज्ञान समूह में 488 अंक प्राप्त कर प्रदेश मे चौथा स्थान प्राप्त किया तथा ऋषभ पांडे पिता राजेश कुमार पाण्डेय अशासकीय भारतीयम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ब्यौहारी ने जीव विज्ञान समूह में 487 अंक अर्जित कर पांचवां स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया। इन सभी विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त करते हुए अपने-अपने विद्यालयों एवं अभिभावकों का मान बढ़ाया है। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह, सीईओ जिला पंचायत श्री शिवम प्रजापति, जिला शिक्षा अधिकारी आरके मंगलानी, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग आनन्द राय सिन्हा ने मेरिट सूची में स्थान बनाने वाले सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है तथा अन्य विद्यार्थियों को भी इनसे प्रेरणा लेने का संदेश दिया है।

# ब्लॉक कांग्रेस ने मनाई डॉ. आंबेडकर जयंती



▸ **सैकड़ों कार्यकर्ता रहे उपस्थित**

**नवभारत, बुढ़ार।** संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर धनपुरी नगर के अमराडंडी अंबेडकर जी की प्रतिमा में एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन बुढ़ार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा अध्यक्ष अंकित सिंह के नेतृत्व में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में वरिष्ठ कांग्रेसजन, मातृशक्ति और युवा कार्यकर्ताओं की सहभागिता रही। इस अवसर पर उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम के दौरान 'शिक्षित बनो, संघर्ष करो और संगठित रहो' के संदेश को आत्मसात करने का संकल्प लिया गया। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. आंबेडकर का जीवन समाज के हर वर्ग के लिए प्रेरणास्त्रोत है और उनके विचार आज भी समानता, न्याय और अधिकारों की लड़ाई में मार्गदर्शन देते हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राम सिंह, मोहम्मद आज़ाद, संतोष सिंह सेंगर, इबरार खान, नौशेरमा खान, रणविजय सिंह, नीलम सिंह, मोहम्मद कलाम, सुमन राय, सुजाता बैरागी, सरस्वती सिंह, महबूब खान, विक्की पटेल, निजाम खान, निक्की तिवारी, मोहन कुमार, बंटी महतो, प्रकाश कौसरिया, गुड्डू राय, विराट पनिका, अर्जुन दास, अर्जुन प्रजापति, संतोष सिंह गोंड, अनिकेत पनिका, राहुल यादव, गजनी सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। अध्यक्ष अंकित सिंह ने कहा कि बाबा साहेब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि समाज में समानता और शिक्षा का प्रसार ही सच्ची श्रद्धांजलि है। कार्यक्रम के अंत में सभी ने मिलकर सामाजिक समरसता और संविधान के मूल्यों को मजबूत करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन सामूहिक रूप से बाबा साहेब के आदर्शों को अपनाने के आह्वान के साथ हुआ, जहां उपस्थित जनों ने उनके बताए मार्ग पर चलने की प्रतिबद्धता दोहराई।



# गोहपारू थाना क्षेत्र : एसडीएम काजोल सिंह का कड़ा प्रहार

▸ **अवैध मुरूम उत्खनन करते लाल मैसी ट्रैक्टर जब्त, पुलिस करती रही गश्त**

**नवभारत, गोहपारू** । शहडोल जिले के गोहपारू थाना क्षेत्र में अवैध उत्खनन माफियाओं के खिलाफप्रशासन ने कड़े तेवर अपना लिए हैं। एसडीएम काजोल सिंह की अगुवाई में आज एक बार फिर बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया गया। लाल रंग का मैसी ट्रैक्टर पकड़ा गया-एसडीएम काजोल सिंह ने छापेमारी करते हुए अवैध मुरूम का उत्खनन कर परिवहन कर रहे एक लाल रंग के मैसी (डेंमल) ट्रैक्टर-ट्रॉली को घेराबंदी कर जब्त किया है। प्रशासन की इस सक्रियता से क्षेत्र के खनन माफियाओं में हड़कंप का माहौल है।

### सवालों के घेरे में गोहपारू पुलिस

हैरानी की बात यह है कि जहाँ एक ओर एसडीएम लगातार मैदानी कार्रवाई कर माफियाओं को दबोच रही हैं, वहीं गोहपारू पुलिस की भूमिका पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं।

**बड़ा सवाल**-क्षेत्र में सरेआम अवैध उत्खनन और परिवहन जारी है, लेकिन गोहपारू पुलिस की ओर से अभी तक एक भी बड़ी कार्यवाही नहीं हुई है। आखिर क्या वजह है कि जब एसडीएम खुद फील्ड में उतरकर गाड़ियां पकड़ रही हैं, तब भी स्थानीय पुलिस का सूचना तंत्र पूरी तरह फेल नजर आ रहा है? प्रशासन की इस मुस्तैदी के बीच पुलिस की निष्क्रियता अब क्षेत्र में चर्चा का केंद्र बनी हुई है। देखना होगा कि इस बड़ी खबर के बाद पुलिस विभाग हरकत में आता है या नहीं।

### दो दिनों में चौथी गाड़ी जब्त

प्रशासनिक सख्ती का आलम यह है कि पिछले दो दिनों के भीतर ही एसडीएम ने कुल चार गाड़ियां पकड़ी हैं। दो दिन पहले भी कार्रवाई करते हुए तीन अवैध रेत लोड ट्रैक्टर-ट्रालियों को जब्त किया गया था। एसडीएम काजोल सिंह की इन निरंतर कार्रवाइयों ने स्पष्ट संदेश दिया है कि अवैध कारोबार अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# तीन दिन से बूंद-बूंद पानी को तरस रहा छिरहटी

▸ **प्रशासनिक लापरवाही से जलसंकट बना जनता के जी का जंजाल**

**नवभारत, छिरहटी/ शहडोल।** भीषण गर्मी के बीच ग्राम पंचायत छिरहटी इन दिनों भयंकर जलसंकट की चपेट में है। लगभग 1900 की आबादी वाला यह गांव पिछले तीन दिनों से पानी की एक-एक बूंद के लिए जूझ रहा है। हालात इतने विकट हो चुके हैं कि ग्रामीणों की पूरी निर्भरता अब केवल कालरी प्रबंधन द्वारा भेजे जा रहे टैंकरों पर टिकी हुई है, लेकिन वह व्यवस्था भी नाकाफी और अनियमित साबित हो रही है।

ग्रामीणों के अनुसार, राजेंद्र नवगांव स्थित फिल्टर प्लांट के खराब हो जाने से जल आपूर्ति पूरी तरह बाधित हो गई है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि प्लांट के सुधार को लेकर संबंधित अधिकारियों द्वारा कोई स्पष्ट और संतोषजनक जवाब नहीं दिया जा रहा। इससे लोगों में आक्रोश और असहायता दोनों बढ़ते जा रहे हैं। स्थानीय नागरिकों—संजू साहू, अंबर पांडे और कमलेश साहू—का कहना है कि गांव में पहले से ही गिरते भूजल स्तर के कारण अधिकांश बोरवेल जवाब दे चुके हैं। जो थोड़ी बहुत उम्मीद कालरी प्रबंधन से थी, वह भी समय पर पानी उपलब्ध न कराने के कारण टूटती नजर आ रही है। परिणामस्वरूप, ग्रामीणों को दैनिक जीवन की मूलभूत जरूरतों के लिए भी संघर्ष करना पड़ रहा है।गर्मी के बढ़ते तापमान के साथ यह संकट और भयावह रूप लेता जा रहा है। गांव में जलस्त्रोतों की कमी और लगातार कोयला खदानों के विस्तार के कारण जलस्तर लगातार नीचे गिरता जा रहा है। इसके बावजूद न तो खदान प्रबंधन इस दिशा में कोई ठोस पहल कर रहा है और न ही स्थानीय प्रशासन स्थिति को गंभीरता से ले रहा है। स्थिति यह है कि गांव के लोग पीने के पानी तक के लिए लंबी कतारों में खड़े रहने को मजबूर हैं। महिलाओं और बच्चों को दूर-दराज के इलाकों से पानी ढोना पड़ रहा है, जिससे उनकी दिनचर्या पूरी तरह प्रभावित हो रही है। यह समस्या अब केवल असुविधा नहीं, बल्कि जनजीवन के लिए संकट बन चुकी है।

### शिव शक्ति क्रिकेट अकादमी के दो खिलाड़ी 'रेस्ट ऑफ एमपी' टीम में चयनित

**नवभारतत,शहडोल।** जिले के लिए गर्व की बात है कि शिव शक्ति क्रिकेट अकादमी शहडोल के दो होनहार खिलाड़ियों का चयन 'रेस्ट ऑफएमपी' अंडर-15 टीम में हुआ है। हाल ही में घोषित सूची में कृष्णा सिंह जायसवाल और आदर्श यादव को रेस्ट ऑफएमपी टीम-बी में शामिल किया गया है, जबकि देवांश सोनी का चयन रेस्ट ऑफ एमपी टीम-ए में हुआ है। शिव शक्ति क्रिकेट एकेडमी के मुख्य कोच अभिषेक सिंह चौहान के अनुसार, रेस्ट ऑफ एमपी टीम-बी में चयनित खिलाड़ियों कृष्णा सिंह जायसवाल और आदर्श यादव को 17 अप्रैल 2026 को सागर में रिपोर्ट करना होगा। वहीं रेस्ट ऑफएमपी टीम-ए में चयनित देवांश सोनी को 20 अप्रैल 2026 को सागर में रिपोर्ट करने के निर्देश दिए गए हैं।

# ओवरटाइम की लूट, मजदूरों का शोषण

▸ **जेएमएस कंपनी पर गंभीर आरोप, सिस्टम बना मूकदर्शक**




**नवभारत,धनपुरी।** एसईसीएल सोहागपुर क्षेत्र अंतर्गत राजेंद्र, खैरहा और बंगवार भूमिगत खदानों में कार्यरत जेएमएस प्राइवेट लिमिटेड एक बार फिर विवादों में घिर गई है। मजदूरों के वेतन से कथित कटौती और काम से बाहर करने के मामलों के बाद अब कंपनी पर अतिरिक्त समय तक काम करवाकर ओवरटाइम का भुगतान न करने के गंभीर आरोप सामने आए हैं। यह मामला न केवल श्रमिक अधिकारों के उल्लंघन की ओर इशारा करता है, बल्कि पूरे तंत्र की निष्क्रियता को भी उजागर करता है।

श्रमिकों के अनुसार, कंपनी में कार्य के दौरान बायोमैट्रिक सिस्टम के जरिए 'इन' अटेंडेंस तो दर्ज कराया जाता है, लेकिन 'आउट' अटेंडेंस जानबूझकर नहीं कराया जाता। आरोप है कि ऐसा इसलिए किया जाता है ताकि मजदूरों से करवाए जा रहे अतिरिक्त समय को रिकॉर्ड में न दिखाया जाए और कंपनी को ओवरटाइम का भुगतान न करना पड़े। यह सीधा-सीधा श्रम कानूनों का उल्लंघन और मजदूरों के अधिकारों का हनन है। मजदूरों का कहना है कि उनसे निर्धारित समय से कहीं अधिक कार्य लिया जाता है, लेकिन उसके बदले उन्हें कोई अतिरिक्त भुगतान नहीं दिया जाता। विरोध करने पर नौकरी से निकालने की धमकी दी जाती है, जिसके चलते श्रमिक डर के साए में चुप रहने को मजबूर हैं। यह स्थिति दर्शाती है कि किस प्रकार श्रमिकों की मजबूरी का फायदा उठाकर उनका शोषण किया जा रहा है। यह पहली बार नहीं है जब जेएमएस कंपनी पर ऐसे आरोप लगे हैं। इससे पहले भी मजदूरों के वेतन से आधी राशि वापस लेने और कार्य से बाहर करने जैसे मामले सामने आ चुके हैं, जो थाने तक पहुंच चुके हैं। बावजूद इसके, स्थिति में कोई सुधार नहीं होना कई सवाल खड़े करता है। सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि संबंधित विभाग भी इस पूरे मामले में मूकदर्शक बना हुआ है। सरकार जहां एक ओर श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए कानून बनाती है, वहीं दूसरी ओर जमीनी स्तर पर उनका पालन होता नजर नहीं आ रहा। इसका खामियाजा सीधे तौर पर मजदूरों को भुगतना पड़ रहा है। इस संबंध में सहायक श्रमायुक्त (केंद्रीय) शहडोल, राजेंद्र सिंह राजपूत से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। इससे विभाग की उदासीनता और भी स्पष्ट हो जाती है।


# भारतीय प्रबंध संस्थान सम्बलपुर

द्वारा

नवसर्जनम्-शुचिता-समावेशत्वम्
IIM SAMBALPUR

## चार वर्षीय स्नातक डिग्री पाठ्यक्रमों में प्रवेश की घोषणा

(दूसरा बैच अगस्त/सितंबर 2026 से प्रारंभ होगा)

### डेटा साइन्स एवं एआई में विज्ञान स्नातक(बी.एस.)
### Bachelor of Science (B.S.) in Data Science & AI

☑ आईआईटी जेईई मेन 2026 अंक और निजी साक्षात्कार के आधार पर प्रवेश।

**अवधि:** पूर्णकालिक आवासीय कार्यक्रम, 4 वर्ष (8 सेमेस्टर) की अवधि के साथ, जिसमें सहज प्रवेश-निकास विकल्प उपलब्ध हैं।

**पात्रता मानदंड:**

(क) अभ्यर्थी कक्षा 12वीं/एचएससी या उसके समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण की हो या वर्तमान में कक्षा 12वीं/एचएससी या समकक्ष परीक्षा में उपस्थित हो रहा हो, जिसका परिणाम जून 2026 तक अपेक्षित हो।

(ख) सामान्य श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए कक्षा 10वीं/ एसएससी और कक्षा 12वीं/एचएससी या समकक्ष परीक्षाओं में सभी विषयों में न्यूनतम 60% कुल अंक होना आवश्यक है।

(ग) अभ्यर्थी कक्षा 10वीं/ एसएससी और कक्षा 12वीं/ एचएससी या समकक्ष परीक्षाओं में अंग्रेज़ी भाषा और गणित विषय की परीक्षा उत्तीर्ण की हो।

(घ) अभ्यर्थी के पास जेईई(मेन) 2026 का वैध अंक होना आवश्यक है।

**मेरिट सूची की तैयारी:**

अंतिम मेरिट सूची जेईई(मेन) 2026 के अंक और व्यक्तिगत साक्षात्कार में प्रदर्शन के आधार पर तैयार की जाएगी।

अधिक जानकारी और आवेदन समय-सारणी के लिए, कृपया **www.iimsambalpur.ac.in** को देखें या ऊपर दिए गए क्यूआर कोड को स्कैन करें।



**परिसर की मुख्य विशेषताएँ :**

- भारतीय प्रबंध संस्थान संबलपुर पहला संस्थान है जिसने डीएसएआई ओर एमपीपी में बीएस. पाठ्यक्रम शुरू किया हैं।
- एनआईआरएफ मैनेजमेंट रैंकिंग 2025 में 34वां स्थान।
- हाई-स्पीड इंटरनेट के साथ तकनीक-सक्षम स्मार्ट कक्षा।
- ओडिशा में आधुनिक, पर्यावरण-अनुकूल परिसर सहित डिजिटल बुनियादी ढांचा और वातनुकूलित छात्रावास कक्ष सुविधा।
- आर्टिफिशल इन्टेलिजन्स् (एआई)-सक्षम कक्षा में शिक्षण।

**पाठ्यक्रम की मुख्य विशेषताएँ:**

1. पाठ्यक्रम नवीनतम उद्योग प्रवृत्तियों और शैक्षणिक अनुसंधान के अग्रिम क्षेत्रों के अनुरूप है।
2. केस अध्ययन-आधारित शिक्षण, जो वास्तविक उद्योग की समस्याओं और व्यावहारिक सीख के माध्यम से सिद्धांत और अभ्यास के बीच संबंध स्थापित करता है।
3. वास्तविक दुनिया का अनुभव लाइव परियोजना, इंटर्नशिप और उद्योग सहयोग के माध्यम से।
4. अंतिम वर्ष का शोध प्रबंध, जो एआई और डेटा-संचालित दृष्टिकोण का उपयोग करके वास्तविक दुनिया की समस्याओं को समाधान करने पर केंद्रित है।
5. उद्योग-केंद्रित मॉड्यूल, जिन्हें अग्रणी तकनीकी कंपनियों और एआई विशेषज्ञों के साथ मिलकर डिज़ाइन किया गया है।
6. एनईपी 2020 के अनुरुप कई निकासी विकल्पः प्रमाणपत्र (पहला वर्ष), डिप्लोमा (दुसरा वर्ष), डिग्री (तीसरा वर्ष), ऑनर्स (चौथा वर्ष)।
7. अंतर-विषयक और कौशल-आधारित शिक्षा का समर्थन करने के लिए कोर्सरा तक एकीकृत पहुंच।

### प्रबंध एवं पब्लिक पॉलिसी में विज्ञान स्नातक (बी.एस.)
### Bachelor of Science (B.S.) in Management & Public Policy

☑ प्रवेश आईपीएमएटी 2026 अंक और व्यक्तिगत साक्षात्कार के माध्यम से।

**अवधि:** पूर्णकालिक आवासीय कार्यक्रम, 4 वर्ष (8 सेमेस्टर) की अवधि के साथ, जिसमें सहज प्रवेश-निकास विकल्प उपलब्ध हैं।

**पात्रता मानदंड:**

(क) अभ्यर्थी कक्षा 12वीं/एचएससी या उसके समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण की हो, या वर्तमान में कक्षा 12वीं/एचएससी या समकक्ष परीक्षा में उपस्थित हो रहा, जिसका परिणाम जून 2026 तक अपेक्षित हो।

(ख) सामान्य श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए कक्षा 10वीं/ एसएससी और कक्षा 12वीं/एचएससी या समकक्ष परीक्षाओं में न्यून तम 60% अंक होना आवश्यक है।

(ग) अभ्यर्थी कक्षा 10वीं/एसएससी और कक्षा 12वीं/एचएससी या समकक्ष परीक्षाओं में अंग्रेज़ी भाषा की परीक्षा उत्तीर्ण की हो।

(घ) अभ्यर्थी के पास आईआईएम इंदौर द्वारा आयोजित इंटिग्रेटेड प्रोग्राम इन मैनेजमेंट एप्टिट्युड टेस्ट (आईपीएमएटी) परीक्षा 2026 का वैध अंक होना आवश्यक है।

**मेरिट सूची की तैयारी:**

अंतिम मेरिट सूची आईपीएमएटी 2026 के अंक और व्यक्तिगत साक्षात्कार में प्रदर्शन के आधार पर तैयार की जाएगी।

अधिक जानकारी और आवेदन समय-सारणी के लिए, कृपया **www.iimsambalpur.ac.in** को देखें या ऊपर दिए गए क्यूआर कोड को स्कैन करें।

**पाठ्यक्रम की मुख्य विशेषताएँ:**

1. पाठ्यक्रम में विपणन, अर्थशास्त्र, वित्त, संचालन और विश्लेषण शामिल हैं, साथ ही स्थिरता और नीति में मजबूत आधार प्रदान किया गया है।
2. 170 क्रेडिट का पाठ्यक्रम, जिसमें अंतिम वर्ष में कैपस्टोन परियोजना और शोध कौशल विकास के साथ शोध प्रबंध शामिल है।
3. व्यक्तिगत कौशल विकास, जिसमें कार्यशालाओं के माध्यम से महत्वपूर्ण सोच, अभिकल्प, सिमुलेशन और निजी ब्रांडिंग पर प्रशिक्षण शामिल है।
4. क्षेत्रीय इमर्शन और कॉर्पोरेट, एनजीओ, सार्वजनिक क्षेत्र की संस्थाओं और सरकारी संस्थानों के साथ सहभागिता के माध्यम से वास्तविक दुनिया का अनुभव।
5. एनईपी 2020 के अनुरुप कई निकासी विकल्पः प्रमाणपत्र (पहला वर्ष), डिप्लोमा (दुसरा वर्ष), डिग्री (तीसरा वर्ष), ऑनर्स (चौथा वर्ष)।
6. अंतर-विषयक और कौशल-आधारित शिक्षा का समर्थन करने के लिए कोर्सरा तक एकीकृत पहुंच।

**अतिरिक्त सूचना:**

- **आयु सीमा** - प्रवेश के लिए अधिकतम आयु 31 जुलाई, 2026 तक 20 वर्ष है।
- **ध्यान दें** - अंक, आयु में छूट और आरक्षित वर्ग के लिए सीट आरक्षण भारत सरकार के नियमों के अनुसार होगा।

**महत्वपूर्ण तिथि:**

- **आवेदन प्रारंभ :** दिनांक 15 अप्रैल, 2026
- **आवेदन की अंतिम तिथि :** दिनांक 31 मई, 2026
- **व्यक्तिगत साक्षातकार :** दिनांक 10 जून - 30 जून, 2026 (संभावित)
- **परिणामों की घोषणा/ऑफर जारी :** जूलाई, 2026 (संभावित)
- **कार्यक्रम का प्रारंभ :** अगस्त, 2026 (संभावित)

**भारतीय प्रबंध संस्थान संबलपुर, बसंतपुर, संबलपुर (ओड़िशा)**

संपर्क संख्या- 9078546024 / 7205726111, ईमेल आईडी- bs.admission@iimsambalpur.ac.in